PERIODIC TEST-1

HINDI

CLASS-X MARKING SCHEME

SET-1

**खंड क (अपठित बोध)**

**प्रश्न 1: निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**1) गंगा नदी के पानी की क्या विशेषता है? उत्तर:** (ग) यह लंबे समय तक खराब नहीं होता।

**2) गंगा अपने उद्गम स्थल पर किस नाम से जानी जाती है? उत्तर:** (ख) भागीरथी।

**3) कथन A: गंगा का उद्गम स्थल गंगोत्री या गौमुख है। कारण R: गोमुख से भागीरथी नदी निकलती है और देवप्रयाग नामक स्थान पर अलकनंदा नदी से मिलकर आगे गंगा के रूप में प्रवाहित होती है। उत्तर:** (ग) कथन A सही है और कारण R कथन A की सही व्याख्या है।

**4) गंगा नदी के पानी में सड़न क्यों नहीं पैदा होती? उत्तर:** गंगा के पानी में ऐसे बैक्टीरिया होते हैं जो सड़न पैदा करने वाले कीटाणुओं को पनपने ही नहीं देते।

**5) प्रत्येक नदी का जल किसी विशिष्ट जैविक संरचना के लिए उत्तरदायी होता है और उसका क्या परिणाम होता है? उत्तर:** नदी के जल में घुले हुए विशिष्ट पदार्थ पानी में कुछ खास तरह के बैक्टीरिया को पनपने देते हैं और कुछ को नहीं, जिससे उसकी जैविक संरचना निर्धारित होती है।

**खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)**

**1) 'मेरे भाई साहब मुझसे पाँच साल बड़े' (रेखांकित पदबंध का भेद बताइए) उत्तर:** संज्ञा पदबंध।

**2) 'वे हरदम किताब खोले बैठे रहते थे।' (क्रिया पदबंध छांटकर लिखिए।) उत्तर:** बैठे रहते थे।

**3) 'वह स्वभाव से बड़े अध्ययनशील थे।' (रचना के आधार पर वाक्य का भेद बताइए) उत्तर:** सरल वाक्य।

**4) 'भाई साहब का चेहरा कांतिहीन हो गया था।' (समस्त पद छांटकर विग्रह कीजिए तथा भेद लिखिए।) उत्तर:** कांतिहीन = कांति से हीन (अपादान तत्पुरुष समास)।

**5) 'बिना राह के' (समस्तपद बनाकर समास का भेद लिखिए) उत्तर:** बेराह (अव्ययीभाव समास)।

**6) 'यहाँ रात दिन आँखें फ़ोड़नी पड़ती है और खून जलाना पड़ता है।' (मुहावरे छांटकर कर अर्थ लिखिए।) उत्तर:** आँख फोड़ना, खून जलाना = खूब मेहनत करना।

**7) 'कक्षा में देरी से आने के कारण आज तो अध्यापक ने उसे____________________।' (उचित मुहावरा लिखिए) उत्तर:** आड़े हाथों लिया।

**खंड ग (प्रश्नोत्तर)**

**1) लेखक बड़े भाई के सामने मौन क्यों रह जाता था? उत्तर:** लेखक बड़े भाई के आतंक और उनके द्वारा किए जाने वाले क्रोध से भयभीत होने के कारण उनके सामने मौन रह जाता था।

**2) बड़े भाई साहब का पतंग पकड़ कर भागना क्या सिद्ध करता है? उत्तर:** यह सिद्ध करता है कि बड़े भाई साहब के अंदर भी एक बच्चा छिपा हुआ है और वे भी अन्य बच्चों की तरह खेलना-कूदना चाहते हैं।

**3) 'बड़े भाई साहब' नामक कहानी से आपको क्या प्रेरणा मिलती है? उत्तर:** इस कहानी से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हमें अपनी वास्तविक स्थिति और शक्ति को समझना चाहिए और उसी के अनुरूप मर्यादित व्यवहार करना चाहिए।

**खंड घ (रचना खंड)**

**प्रश्न 4: संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। विषय: खेल बिना पाठ्यक्रम है अधूरा उत्तर:**
(मूल्यांकन निर्देश)

- **खेल का महत्त्व:** शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक।
- **पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग:** शिक्षा के साथ खेलों का जुड़ाव अनिवार्य।
- **संतुलन:** पढ़ाई और खेल दोनों में सही तालमेल जरूरी।